Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-06-2022 | अंक 253

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# पंचमाधव के कारीमाटी गांव के लोगो के समक्ष गंभीर पेयजल संकट, नाला का पानी ही सहारा

## गांव में बोरिंग से नही निकलता है पानी, तिलैया डैम से पेयजलापूर्ति की मांग

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बैलगाड़ी में ड्राम में पानी ले जाते लोग



नाले से पानी ले जाती महिलाएं

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के कारीमाटी गांव के लोग गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पेयजल संकट की समस्या कोई नई नही बल्कि तिलैया डैम निर्माण वर्ष 1952 से चल रहा है। पेयजल संकट होने का मुख्य कारण यंह गांव पथरीली भूमि पर अवस्थित होना है। जमीन के अंदर लगभग 500 फ़ीट गहरा तक पानी का लेयर नही है। अंदर केवल और केवल पत्थर है। इस कारण यहां चापानल हेतु किया गया बोरिंग एवम डीप बोरिंग सफल नही हो पाता है। कारीमाटी के लोग खुद भी दर्जनों बोरिंग कराएं है लेकिन उससे पानी नही निकल पाता है। ग्रामीण वर्षो से पानी आपूर्ति के लिए आंदोलन करते रहे हैं। लेकिन स्थायी समाधान नही निकल पाया है। गर्मी में कभी कभी कोबरा 203 के द्वारा टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाता रहा है। वह भी हर वर्ष संभव नही हो पाता है। कई सालों तक झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा के द्वारा भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। लेकिन स्थायी समाधान अब तक नही हो पाया।

नाला का पानी का उपयोग करते है ग्रामीणरू ग्रामीणों के समक्ष खुद का पानी के साथ साथ मवेशियों को भी पानी पिलाने की चुनौती रहती है। इसमें खुद का पानी पीने एवं मवेशियों को पानी पिलाने के लिए गांव से एक किमी दूर स्थित नाला का पानी का उपयोग किया जाता है। गांव से लगभग एक किमी दूर स्थित नाले से महिला पुरुष बाल्टी में पानी ले जाते है। जिनके घर मे ज्यादा पानी की जरूरत होती है, वे लोग बैलगाड़ी से ड्राम में पानी ले जाते है। यह सिलसिला 1952 से चलते आ रहे हैं। ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि तिलैया डैम विस्थापन के समय डीवीसी से आश्वासन दिया गया था कि पानी आपूर्ति तिलैया डैम से कराई जाएगी। लेकिन अब तक नही कराई गई है। गांव में मात्र एक कुंवा है जिसमें सीमित मात्रा पानी की आपूर्ति होती है। वह भी अब सूखने के कगार पर है। नाले का पानी पीने से कई लोग बीमार भी होते है। उन्हें इलाज कराना होता है । इसमें दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

गांव से 5 किमी की दूरी पर है तिलैया डैम जलाशय जिससे हो सकती है पेयजलापूर्ति रु गांव से मात्र 5 किमी उत्तर तिलैया डैम का बड़ा जलाशय है। जिससे पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराई जा सकती है। लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नही की गई है। हालांकि सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद विश्वकर्मा ने ग्रामीणों की फरियाद पर न केवल पत्राचार किया बल्कि पीएचईडी मंत्री मि. थलेश ठाकुर से मिलकर ग्रामीणों की समस्या रखी। जिसका सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। फिर भी ग्रामीण ईश्वर यादव, किशोर यादव, बीरेंद्र यादव, देवानंद यादव, अलाउद्दीन अंसारी, महेंद्र यादव, रहीम मियां, विजय राणा, फिरोज अंसारी, मनोज यादव, जगदीश यादव, बुधन यादव, संजय यादव, जलील मियां, सुजीत यादव, सुरेंद्र यादव, कैलाश यादव, गणेश यादव, सुरेश सिंह, काली यादव, सहादत मियां, नागेश्वर यादव, नईम अंसारी, अनिल रविदास, विजय रविदास, खतीजा खातून, सरिता देवी, कविता देवी, सोहा देवी, गीता देवी, फुलिया देवी, हलीमा खातून, फरीदा खातून, रोहिणी देवी आदि ने पेयजल आपूर्ति सिस्टम लगाकर पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

APEM LIVE

# गौरक्षकों ने मवेशी लदा चार पिकअप वाहन पकड़ पुलिस को सौंपा, प्राथमिकी दर्ज, भेजे गए जेल

## दूध का व्यवसाय करते हैं , सभी दुधारू पशु हैं, : आरोपी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




रसोइया धमना टोल प्लाज़ा के पास शनिवार देर रात स्थानीय गौ रक्षकों ने गौ तस्करी के आरोप में मवेशी लदा चार पिकप वाहन को पकड़कर पुलिस को सौप दी। पकड़े गए वाहनों में पिकअप संख्या बीआर03जीए/4341, जेएच22ई / 6422, बीआर03जीबी /2754 एवं जेएच 05सी जेड/ 0326 शामिल थे। इनमे बारह गाय, तीन भैंस और आठ बछड़ा को बरामद किया गया। मौके पर गौ तस्करी के आरोप में चार लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। जिसमें रामकिशुन यादव पिता स्व रुदल यादव ग्राम तीवाडीह थाना बागबेड़ा, रा. जेश ठाकुर पिता हरेंद्र ठाकुर ग्राम गंगुली, थाना सिंदरी जिला बक्सर एवं शिव मोहन यादव पिता लालबाबू यादव, सत्येंद्र गौड़ पिता स्व पुनि गौड़ दोनो ग्राम पवट थाना दोबाहा जिला आरा बिहार निवासी शामिल है। वहीं बरही थाना में सभी पशु तस्करों के खिलाफ कांड संख्या 226/22 के तहत मुक. दमा दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया। जब्त किया गया मवेशियों को चौपारण गोशाला भेज दिया गया। वहीं आरोपियों ने कहा कि हमलोग गौ तस्करी नही करते हैं। हम लोग दूध का व्यवसाय करते हैं। दुधारू पशु को खटाल तक पहुंचाने का काम करते हैं। हमलोगो के पास दुधारू गाय और भैंस के साथ नवजात बच्चे भी होते हैं। फिर भी पुलिस बिना फैक्ट जाने उनलोगों पर कार्रवाई करती है। सभी ने पुलिस पर गौतस्करी के नाम पर परेशान करने का भी आरोप लगाया। इधर पुलिस का कहना है कि पकड़े गए लोगो के पास मवेशी ख़रीदगी की कोई वैध कागजात नही मिला। एक वाहन में क्षमता से ज्यादा पशु लोड कर ले. जाना भी पशु कुरुरता के दायरे में आता है।

APEM LIVE

# बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष : सूरज रविदास



**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




बरही एआईएमआईएम के विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने विश्व बालश्रम निषेध पर विशेष जानकारी देते हुए बताया की बाल श्रम भारतीय संविधान के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कारखाने,दुकान,रेस्तरां,होटल ,कोयला खदान,पटाखे के कारखाने आदि जगहों पर कार्य करवाना बाल श्रम है। बाल श्रम में बच्चों का शोषण भी शामिल है। शोषण से आशय बच्चों से ऐसी कार्य करवाना जिनके लिए वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से तैयार न हों।

**बाल श्रम के दुष्प्रभावः-**

**1. बच्चों के विकास में बाधक :-** बाल श्रम का सबसे ज्यादा असर बच्चों के विकास पर होता है। बाल मजदूरी से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। जिस उम्र में बच्चों को खेल-कूद कर, शिक्षा प्राप्त कर अपना विकास करना चाहिए उस उम्र में उन्हें मजदूरी करनी पड़ती है।

**2. बाल श्रमिकों का शोषण :-** बाल मजदूरों का उनके मालिक द्वारा ज्यादा शोषण किया जाता है। बाल मजदूर कम मजदूरी लेकर ज्यादा काम करने को राजी हो जाते हैं एवं उनसे मन. चाहा काम करवा लिया जाता है।

**3. शिक्षा का अभाव :-** गरीबी के कारण बच्चे बाल मजदूरी करने को मजबूर हो जाते हैं। और उनके जीवन में शिक्षा का अभाव बना रहता है।

**4. जीवन का खतरा :-** कारखाने,कोयले की खदानें, पटाखे की फैक्ट्रियां आदि में कार्य करने से बाल श्रमिकों की जान को ज्यादा खतरा रहता है। सरकार ने इसके लिए भी कानून बनाया है। जिसमें 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कारखानों एवं खदानों में काम करवाना अपराध है।

बाल श्रम का मुख्य कारण गरीबी,अशिक्षित समाज एवं देश की बढ़ती जनसंख्या है। नशे की आदत तथा लापरवाही की वजह से कुछ माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने के बजाय परिवार की आमदनी बढ़ाने के लालच में बाल मजदूरी करने भेज देते हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण गरीबी और अशिक्षा बढ़ रही है जो कि बाल मजदूरी का मुख्य कारण है।

# सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत सिरमा निवासी ललीता देवी उम्र 26 वर्ष पति नागेंद्र यादव पांडेयबारा में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही से सिरमा वापस लौटने के क्रम में पंडेयबारा के समीप इनकी बाइक जानवर से टकरा गया। जिससे महिला सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## पीएमजीएसवाई से बनी सड़क को असामाजिक तत्वों ने जेसीबी से काट किया गढ्ढा, आवागमन में होगी परेशानी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



सड़क को काट कर किया गया गढ्ढा

गौरियाकर्मा पंचायत के पीडब्लूडी रोड से बिचकिला तक बनी पक्की सड़क को कुछ असामाजिक तत्वों ने बीते रात सड़क का किनारा काटकर गढ्ढा कर दिया है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही सड़क के किनारे गढ्ढा कर देने से दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है। गौरतलब हो कि पुराने समय मे यह रोड जिला परिषद के माध्यम से ग्रेड बनाया गया था। उसके कुछ साल बाद इस रोड का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया गया। जिसकी लायबिलिटी पीरियड 5 साल है। वही कुछ सड़क के काटने के साथ साथ जेसीबी मशीन से लिफ्ट इरिगेशन के लिए लगाया गया पाइप भी उखाड़ कर चोरी कर ली गई है। सामाजिक कार्यकर्ता रामचन्द्र यादव एवं ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रामचन्द्र यादव ने बताया कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना अपराध की श्रेणी में आता है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## सुर स्वर साधना टीवी रियालिटी शो के लिए चयनित हुए बरही के विकास कुमार,

### अपनी गायकी से कर रहे है इम्प्रेस, झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे है विकास

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



साधना न्यूज़ प्लस चौनल की ओर से प्रसारित टीवी रियलिटी शो सुर स्वर साधना के लिए बरही निवासी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर से जुड़े सिंगर विकास कुमार का चयन हुआ है। उनका रिकार्डिंग रांची के स्टूडियो में की जा रही है। जानकारी के मुता. बिक विकास की गायकी से शो को जज कर रहे म्यूजिक डायरेक्टर भी काफी इम्प्रेस हो रहे है। उन्हें जजो के द्वारा अच्छी अच्छी क०मेन्ट भी मिल रहा है। गौरतलब हो कि सुर स्वर साधना टीवी रियालिटी शो है जो झारखण्ड में पहली बार हो रहा है। इसका अ०डिशन पूरे भारत में किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने ऑडिशन दिया। जिसमें अपने टैलेंट के दम पर ट०प 11 चुने गए। उन्ही में बरही के विकास कुमार का चयन पूरे झारखण्ड में इकलौता हुआ है। अभी रिकॉर्डिंग हो रही है। इस शो को जज व०लीवुड के के मशहूर संगीतकार संजीव दर्शन कर रहे हैं। जिन्होंने कई नामचीन गायकों से गाना गवाया है। यह शो साधना न्यूज़ प्लस पर हर शनिवार रविवार साढ़े आठ बजे प्रसारित किया जाता है। विकास कुमार के चयन पर अपेम चीफ एडवाईजर ड० अनिल कुमार, अपेम मुख्य संरक्षक कपिल केशरी, अमित केशरी, शिव शंकर लाल, मुकेश मधेसिया, रामचन्द्र यादव, राज आर्यन उर्फ छोटी, विकास विश्वास, सतीश शीतल, ड० प्रकाश ज्ञानी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के को. टवारडीह में शनिवार को एक ट्रैक्टर के चपेट में आने से 50 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की हुई मौत हो गई। मृतक का पहचान भुनेश्वर हजाम के रूप में हुई है। मामले में मृतक की पत्नी ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर प्रा. थमिकी दर्ज करने व कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मेरे पति भुनेश्वर हजाम मज. दूरी करके लौटे व घर के बगल में पेड़ के छाव में बैठे थे। इसी दौरान मदनगुंडी पंचायत के कारोंजिया निवासी सिकन्दर यादव उर्फ किशोर यादव पिता मूरत यादव का ट्रेक्टर चालक तेजी व लापरवाही से मेरे पति के ऊपर चढ़ा दिया जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। जिनके बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के क्रम हजारीबाग के सिंदूर में मृत्यु हो गई। थाने में दिए गए आवेदन के आलोक चंदवारा थाना में केस संख्या 43/22 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

## बिजली विभाग और टेलीफोन विभाग का पूरे गिरिडीह जिला में रोड पर है पोल-हटाने का जल्द काम करें

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह शहर की मकतपुर रोड की घटना जैसे कई घटना होती है जिले भर में बिजली विभाग है दोषी। शहरी भाग के सभी वार्ड में रोड पर एक्सचेंज विभाग और बिजली विभाग का पोल खडा मिल जाता है,जिससे मुख्य मार्ग और वार्ड के मुहल्ले में बिजली और टेलीफोन के पोल मिल जाएंगे, बिजली विभाग और टेलीफोन विभाग को चाहिए कि आम जनता को परेशानी में न डालकर हटाना शुरू कर देते,लेकिन दोनो विभाग एकदम इस मामले में सुस्त है,पुराना पोल जो जर्जर है उसको चिन्हित कर बिच हटा देना चाहिए,माले पहले भी बोल चुका था हादसा होगा लोगो की परेशानी बढ़ेगी,आज हो भी गया,आआये दिन ऐसा होना आम बात है,बिजली विभाग जल्द बैठक कर चिन्हित करके हटाने का काम करें। वैसे पूरे जिले में कमोवेस इसी प्रकार हाल है,इसके लिए जल्द माले विभाग को आवेदन देगा

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## पथलगड्डा से अज्ञात शव बरामद, नहीं हो सकी शिनाख्त

### शव के बाएं हाथ मे हिंदी में सृजन प्रसाद व अंग्रेजी में अंजू देवी लिखा है

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथलगड्डा पंचायत अंतर्गत बाघमारा के समीप रविवार सुबह रांची-पटना मुख्य मार्ग के निकट एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। वृद्ध की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष है। उनके बाएं हाथ मे हिंदी में सृजन प्रसाद व अंग्रेजी में अंजू देवी लिखा पाया गया है। शव के चेहरे पर खून के निशान है व पैर में बैंडेज बंधा हुआ है। सूचना पा कर मौके पर मायका अंचल इंस्. पेक्टर अवधेश सिंह,थाना प्रभारी अनिल सिंह, एसआई हरदुगन होरो, व नवीन होरो दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त में जुट गई है। देर शाम तक पुलिस के प्रयास के बाद भी वृद्ध के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शिनाख्त के लिए पुलिस ने शव को सदर अस्पताल के शवगृह में रख दिया है।

## दो बाइक के टक्कर में एक युवक घायल, गंभीरवस्था में रेफर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर निवासी सुनील रविदास उम्र 30 वर्ष पिता भीम रविदास दो बाइक के आपस में टकराने से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसर घायल युवक करियातपुर से बरही की और आ रहा था। इसी क्रम में डीवीसी के नजदीक दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमे सुनील रविदास गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आस पास के लोगो ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथ. मिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गंभीरवस्था में सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## न्यू पुलिस लाइन गिरिडीह में जिला पुलिस बल ने किया मार्क ड्रिल





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज दिनांक-12.06. 2022 को 05:30 बजे अपराहन में गिरिडीह पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देशानुसार जवानों के बीच न्यू पुलिस केंद्र, गिरिडीह स्थित ग्राउंड (पपरवाटाड़) में मॉक ड्रिल आयोजन किया गया । मार्क ड्रिल में जवानों को अभ्यास कराया गया की शहर में अगर किसी तरह का उत्पन विधि व्यवस्था की समस्या से कैसे निपटना है। आज के इस मार्क ड्रिल आयोजन की अगुआई सर्जन मेयर राजेश कुमार रंजन, डीएसपी साइबर संदीप सुमन समदर्शी और मुफ्फसिल थाना प्रभारी विनय राम कर रहे थे साथ ही मार्क ड्रिल अभ्यास में पुलिस केंद्र के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे और मार्क ड्रिल अभ्यास में सै. कडों जवानों ने भाग लिया।

9122222016
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
DOUBLE BED • SOFA • SOFA-CUM-BED • DIWAN-CUM-BED • DRESSINGS • CHAIRS • DINNING TABLE
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन



Season Sale
कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि भी उपलब्ध है
पाएं आकर्षक छूट
पुरहरा मोड़, रसोइया धमना, बरही, हजारीबाग, झारखण्ड - 825405

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## पुलिस लाईन मैदान में सूर्या फुटबॉल एकेडमी का उद्घाटन

### एकेडमी में क्षेत्र के युवाओं को फुटबॉल की बारीकियों को सीखने में मिलेगी सुविधा : मेजर टुडू

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




चंदवारा स्थित पुलिस लाईन मैदान में सूर्या फुटब०ल एकेडमी का उद्घाटन मेजर विनाश टुडू व चंदवारा पश्चिमी के नव. निर्वाचित मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मेजर टुडू ने कहा की इस तरह के एकेडमी के होने से क्षेत्र के युवाओं को फुटब०ल की बारीकियों को सीखने और फुटबॉल के क्षेत्र में आगे बढ़ने में सुविधा मिलेगी। नव. निर्वाचित मुखिया संतोष कुशवाहा ने कहा की खिलाड़ी कठिन परिश्रम करें तो लक्ष्य को पाया जा सकता है। एकेडमी के संचालक श्रीकांत पांडेय ने कहा कि इस एकेडमी के माध्यम से जिला व राज्य स्तर पर खिलाड़ियों की पहचान दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर पूर्व फुटबॉलर व कप्तान संजय भारती, दयानंद पांडेय, कुंदन पासवान, संदीप कुमार, राहुल कुमार यादव, नरेश भगत, दिव्यांशु राणा, विकास कुमार के अलावे एकेडमी के खिलाड़ी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, गोविंद कुमार, संदीप कुमार, करण कुमार, प्रियंका कुमारी, ज्योति कुमारी, कविता कुमारी, कुंती कुमारी, हेमंती कुमारी आदि मौजूद थे।

## जयनगर में अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई की बैठक सम्पन्न

### पंचायत चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों व मैट्रिक–इंटर में प्रथम स्थान लाने वालों को किया जाएगा सम्मानित

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**


अखिल भारतीय धोबी महासंघ कोडरमा जिला इकाई का बैठक में उपस्थित लोग

अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला इकाई कोडरमा की बैठक धोबी धर्मशाला जयनगर में महासंघ के जिलाध्यक्ष खगेंद्र राम की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संच. ालन जिला सचिव मिि. थलेश कुमार ने किया। बैठक मे विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अध्यक्ष खगेंद्र राम ने पेश किया।

इस दौरान प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर 2022 में झारखंड बोर्ड एवं जैक बोर्ड में मैट्रिक एवं इंटर में फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण होने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मा. नित करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देने का फैसला लिया गया। साथ ही साथ समाज में पंचायत चुनाव में जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य पद से जीते जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित करने का फैसला लिया गया। यह सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिए 25 जून 2022 को 11:00 बजे साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला कमेटी की बैठक होगी। जिसमें नगर कमेटी झुमरी तिलैया के माननीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सादर आमंत्रित किया गया है। बैठक में कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश रजक, जिप सदस्य महादेव राम, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष अमर रजक, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष जनक देव राम, दुर्गा प्रसाद राम, बंशी राम, सुनील कुमार, अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एम चंद्रा, अर्जुन राम, राजेंद्र रजक, चंदन रजक, प्रदीप राम, मुकेश रजक, मोहन कुमार, अर्जुन रजक आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन बंशी राम ने किया।




## आजादी के अमृत महोत्सव पर उप विकास आयुक्त ने बैठक कर जिले भर में 75तालाबों को निमार्ण/जिर्णोद्धार का दिया निर्देश






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर गिरिडीह ज़िला में कुल 75तालाबों का जिर्णोद्धार/नया निर्माण किए जाने से संबंधित बैठक उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा देश के सभी जिलों में 75अमृत सरोवर तालाब का निमार्ण/जिर्णोद्धार का निर्देश दिया गया हैजिनमे पौंडेज एरिया कम से कम एक एकड़ हो एवं वाटर होल्डिंग क्षमता लगभग 10, 000क्यूबिक मेटर होगा। भाष्करचार्या नेशन इंस्टीट्यूट आफ स्पेस एप्लीकेशन एंड जेयोमेट्रिक नेशनल के द्वारा तालाबों में स्थल को चिन्हित किया गया है इसके चयन में जमीन की उपलब्धता टोपोग्राफी, सोल डेप्थ, सोल का प्रकार एवं जियोल०जी के आधार पर स्थल चयनित किया गया है। इसके तहत गिरिडीह जिला में अमृत सरोवरों की विवरणी निम्नवत हैरूप्रखंड बगोदर में तालाबों की संख्या 07है जिसमे सारे तालाब नए होंगे, बेंगाबाद में 16तालाब में से 01जिर्णोद्धार और 15नए तालाब, बिरनी में 08तालाब में से 01जिर्णोद्धार और 07नए, देवरी मे 02तालाब दोनो नए, डुमरी में 07तालाब में से 01जिर्णोद्धार और 06नए, गांडेय में 03तालाब में से तीनो नए, गावां में 01तालाब का जिर्णोद्धार मात्र, गिरिडीह में 09तालाब में से 06जिर्णोद्धार और 03नए, कमुआ में 08तालाब में से 06जिर्णोद्धार और 02नए, पीरटांड़ में 11तालाब में से 04जिर्णोद्धार और 07नए, सरिया में 02तालाब दोनो ही नए और तिसरी में 06तालाब में से 05जिर्णोद्धार और 01नए तालाब निर्माण होना है। कुल 25तालाबों का जिर्णोद्धार एवं 50नए तालाबों का निमार्ण किया जाएगा। सभी 75तालाबों के भूमि का प्रकार निम्नांकित हैरूगैरमजरुआ भूमि पर 31तालाब, वन क्षेत्र भूमि पर 23तालाब, रैयत भूमि पर 19तालाब, सीसीएल भूमि पर 01तालाब और नगर क्षेत्र में 01तालाब का निमार्ण/ जिर्णोद्धार हेतु तालाबों के स्थल की जांच प्रशासनिक एवं तकनीकी दल के द्वारा किया जायेगा। स्वतंत्रता सेनानी/शहीदों के गांव को प्राथमिकता दी जाएगी। तालाब का स्थल वन भूमि में होने पर वन विभाग से एनओसी प्राप्त किया जाना है अथवा वन विभाग अपने स्तर से भी तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार करवा सकते हैं। तालाब निर्माण स्थल पर साइन बोर्ड 54का लगाया जाना है। तालाब निर्माण कार्य से पूर्व इसे ग्राम सभा से पारित करवाना है। तालाब तैयार होने पर वहां पर आस पास नीम, पीपल और बरगद का पौधा लगाया जाएगा। पंद्रह अगस्त 2022को किसी स्वतंत्रता सेनानी/उनके परिजन/शहीद के परिजन/किसी स्थानीय पदम् पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति/वहां के सबसे बुजुर्ग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया जाएगा। तालाब निर्माण के पर्यवेक्षण हेतु पंचायत स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर समिती का गठन होगा। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव एवं जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में समिती का निमार्ण होगा। तालाबों का निमार्ण/ जिर्णोद्धार हेतु विभिन्न स्तरों पर इसका रिक०र्डिंग किया जाएगा एवं लघु फिल्म बनाकर इसे प्रसारित भी कराया जाएगा। तालाबों का निमार्ण/जिर्णोद्धार के निर्माण के पूर्व के समय एवं पूर्ण होने के बाद तालाब का जियो टैगिंग, फोटोग्राफी एवं वीडियो मन. रेगा एप पर डाला जायेगा। साथ ही इसे सफलता की कहानी के रुप में सोशल मीडिया पर भी डाला जायेगा। तालाब का आकार 210फिट लंबा 210फिट चौड़ा और दस फीट गहरा होगा। तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार के बाद तालाब के जल का उपयोग मत्स्य पालन, सिंचाई आदि हेतु स्थानीय स्तर पर समूह गठन कर किया जाएगा। तालाबों के निर्माण/जिर्णोद्धार हेतु स्थलों की जांच हेतु पांच दल का गठन किया गया है जो कि स्थल जांच कर तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार का प्राक. कलन देंगे। प्रत्येक दल में एक अभियन्ता और एक प्रशासनिक पदाधिकारी रहेंगे जो निम्नवत प्रकार से हैरू1कार्यपालक अभियंता एनआरईपी गिरिडीह एवं जिला कृषि पदाधिकारी गिरिडीह 2–कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गिरिडीह एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी गिरिडीह 3–कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 01गिरिडीह एवं जिला कल्याण पदाधिकारी गिरिडीह 4–कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 02गिरिडीह एवं जिला पंचायती पदाधिकारी गिरिडीह 5–कार्यपालक अभियंता लघु एवं सिंचाई विभाग गिरिडीह एवं जिला खनन पदाधिकारी गिरिडीह। वन भूमि के तालाबों के जांच में वन विभाग के पदाधिकारी सं. बंधित अभियंता के साथ जांच करेंगे। जलछाजन क्षेत्र के तालाबों के जांच में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सं. बंधित अभियंता रहेंगे। उप विकास आयुक्त ने गठित पांचों दलों को तालाब के निर्माण/जिर्णोद्धार के स्थल का निरीक्षण कर प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया। आज के बैठक में जिला भूमि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता प्रमंडल 02, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, ज़िला सुचना एवं जनसंपर्क पदा. धिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखण्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा : विधायक अमित यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा क्रशर उद्योग के लाइसेंस देने में सरलीकरण समेत बालू घाटों की समय से नीलामी सुनिश्चित हो इसको लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने मुख्य सचिव झारखंड सरकार को पत्र लिखा है जिसमे उन्होंने कहा है कि सरकार के गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण क्रशर उद्योग का ला. इसेंस नही मिलता साथ ही सिर्फ एक नोटिस मिले बिना ही सभी क्रशरों को तोड़ दिया जाना एक अव्यवहारिक प्रक्रिया है जो कहि से भी उचित नही है बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग धंधे नही है किसी तरह दो चार लोग मिलकर अपनी गाढ़ी कमाई व महाजनों से उधार लेकर क्रशर लगाते है साथ ही लाइसेंस लेने के लिए काफी जद्दोजहद करते है उसके बावजूद सरकार के रवैये के कारण लाइसेंस निर्गत करने में काफी पेंच हो जाती है इन दिनों सरकारी फरमान से इलाके में त्राहिमाम हो रहे है सभी सांसद मद, विधायक मद जिला योजना पीएम आवास समेत सभी निर्माण योजनाएं बालू व स्टोन के अभाव में ठप्प है जिससे क्षेत्र में बेरोजगारी की भयावह स्थिति बन गयी है विधायक अमित यादव ने कहा है कि अगर लाइसेंस की प्रक्रिया का सरलीकरण व बालू घाटों की शीघ्र नीलामी नही हुई तो 22 जून से किसानों व मजदूरों के साथ बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गार्डवाल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है , रद्दी पत्थर एवं सीमेंट ना मात्र से किया जा रहा है कार्य

### ग्रामीणों के विरोध पर भी काम में नहीं सुधार ,निर्माण कार्य है जारी

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



जमुआ प्रखंड के बलगो पंचायत अंतर्गत मेरखोगुंडी कला गाँव के नीचे टोला के नदी पर पुल ना होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। स्थानीय ग्रामीण ने कई बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी को समस्या से अवगत कराया उसके बाद स्थानीय जिला परिषद भाग संख्या 10 के सदस्य श्रीमती कंचन वर्मा के द्वारा 27 फरवरी 2022 को नदी में पुल एवं गार्डवाल निर्माण के लिए जिला परिषद मत के द्वारा 15,88,445 रुपए का योजना स्वीकृत हुआ जिसका संवेदक( ठेकेदार ) कृष्णदेव राय काम करा रहे हैं। गार्डवाल निर्माण कार्य में भारी अनियमिता बरती जा रही है जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार विरोध भी किया लेकिन ठेकेदार को कोई फर्क नहीं पड़ा । गार्डवाल निर्माण कार्य में रद्दी पत्थर एवं ब०र्डर का उपयोग किया जा रहा है इसके साथ ही सीमेंट में भी गुणवंता नहीं है केवल गार्डवाल में बालू ही बालू नजर आ रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों बासुदेव महतो ने कहा हम लोग इस घटिया कार्य को लेकर ठेकेदार एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य को अवगत करा चुका हूं उसके बाद भी कार्य में सुधार नहीं किया जा रहा है। राजकुमार वर्मा ने कहा गार्डवाल कार्य में जिस प्रकार से अनियमितता बरती जा रही है की सावन के पहली बारिश में भी टिकना मुश्किल हो जाएगा । दिनेश यादव ने कहा घटिया सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है उसके साथ ही बालू की मात्रा कई गुना अधिक है दीवार में केवल बालू ही नजर आता है। इसके अलावा कई ग्रामीणों ने ठेकेदार के इस कार्य का जमकर वि. रोध और नारेबाजी करते हुए कहा की अगर कार्य में सुधार नहीं करतें हैं तो हम लोग अधिकारी को अवगत कराएंगे एवं गार्डवाल निर्माण कार्य को भी रोकेंगे । वहीं कुछ महिलाओं ने बताई नदी में पुल ना होने के कारण हमेशा समस्या बनी रहती थी डिलीवरी पेशेंट या फिर कोई बीमार हो जाते थे तो स्पष्ट रूप से एंबुलेंस गांव आने से मना कर देता है अगर घटिया सीमेंट पत्थर से कार्य किया जाएगा तो महज कुछ महीना भी टिकना मुश्किल हो जाएगा इससे अच्छा ठेकेदार कार्य को ना ही करें वही सही है । गार्डवाल एवं पुल निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर ठे. केदार कृष्णदेव राय अपनी बात को टालमटोल करते हुए कहा अगर ग्रामीण वि. रोध कर रहे हैं तो इससे मैं सुधार होगा लेकिन कोई स्पस्ट जबाब नहीं दिया। उप विकास आयुक्त शशिभूषण मेहरा ने कहा उक्त योजना की जांच की जाएगी लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

लेकिन सवाल ठेकेदार और विभाग से है आखिर जान कर भी क्यों घटिया खराब सामग्री का उपयोग ऐसे कार्यो में किया जाता है ।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर बाल चौपाल व संकल्प मार्च का आयोजन

### ढिबरा क्षेत्र को वर्ष 2025 तक ष्बाल श्रम मुक्त बनाने व सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़नेष हेतु बाल पंचायतों के नेतृत्व में लगभग 1400 बच्चों ने लिया संकल्प

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह :अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस के अवसर रविवार को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन से संबद्ध बाल पंचायतों ने गिरिडीह जिले गावां प्रखण्ड अंतर्गत 19 गावों में श्बाल चौपालश एवं अभ्रख क्षेत्र को बाल श्रम मुक्त करने के लिए श्संकल्प मार्चश का आयोजन किया। बाल पंचायतों के नेतृत्व में आयोजित उक्त कार्यक्रमों में 19 से अधिक गावों के लगभग 1400 बच्चे, नव निर्वाचित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता,शिक्षको, बाल संरक्षण समिति के लोग, युवाओ एवं महिलाओ ने भाग लिया और षढिबरा क्षेत्र के सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बाल श्रम मुक्त ढिबरा के लिए संयुक्त रूप से संकल्प लिया. ष संकल्प मार्च के दौरान बच्चे बुलंद आवाज में ष्जो बच्चों से काम कराएगा, सीधा जेल जायेगा, श ष्बाल श्रम बंद करो, सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रबंध करो ष, ष्बालश्रम मुक्त माइका के लिए नीति बनाया जायष ष सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारतष आदि नारे लगा रहे थे. अमतरो पंचायत में आयोजित बाल चौपाल में,पूर्व बाल मजदूर एवं वर्तमान में 11वीं की छात्रा विनीता कुमारी ने अभ्रख खदान में बाल मजदूरी के अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि ष अभ्रख निकालते समय हाथ की अंगुलियं० कट जाती थी फिर भी काम करना पड़ता था।

बाल मजदूर एवं वेंडरों गांव के बाल पंचायत मुखिया प्रदीप कुमार ने कहा कि ष गावां के लगभग सभी गावों में हमारी बाल पंचायत बनी है। हम लोगों ने पुरे प्रखण्ड में स्कूल चलो अभियान के माध्यम से लगभग सभी बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराया था। मेरा निवेदन हैं कि सभी माता-पिता बच्चों को काम पर जाने से रोके। समाज, सरकार, प्रशासन शिक्षक,बाल संरक्षण समिति, ग्राम पंचायत सब मिलकर बाल श्रम जैसी बुराई पर रोक के लिए आगे आये। मौके पर बाल पंचायत घोसी की उप मुखिया प्रीति कुमारी ने ष्बालश्रम मुक्त ढिबरा तथा इस उद्योग के नियमन हेतु नीति बनाने के लिए बाल पंचायतों की तरफ से सरकार को सुझाव भी दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यकर्ता सुधीर वर्मा ने बाल श्रम विरोधी विश्व दिवस के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि दुनिया भर में मनाये जा रहे आज के इस खास दिन का उद्देश्य है कि दुनिया भर की सरकारें, श्रम संगठन, नागरिक, समाज, मीडिया आदि सब मिलकर बाल श्रम खात्मे पर बात करें, कार्यवाही करें। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन मो.आरिफ अंसारी के द्वारा किया गया। आज का कार्यक्रम अमतरो, सेरुआ, गदर, जमडार, सांख, गावां, मालडा और पिहरा अंर्तगत बाल मित्र ग्राम तारापुर, गदर, पाण्डेयडीह मुसहरी, मानपुर, गोरियाचू, घोसी, हरला घाटी, चेरवा औऱ हरनी सहित दर्जनों गांवों में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल पंचायत द्वारा शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेविका संघ की अध्यक्ष संजू देवी, गुलशन आरा, पंकज कुमार एवं नीरज कुमार सहित सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही।

## देवनाथ राणा को पुलिस प्रशासन का गिरीडीह जिले के सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने का उपलक्ष्य में जोरदार अभिनंदन समारोह भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी के बंगराकला पंचायत के सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोडरमा के लोकप्रिय सांसद महोदया और भारत के शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को साधुवाद देते हुए अन्नपूर्णा देवी जी जिन्दाबाद का नारा बुलंद किया गया साथ ही साथ एक किसान का बेटा देवनाथ राणा को पूरे जिले का सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर बधाई दिया। गिरीडीह जिले का सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने के बाद जैसे ही देवनाथ राणा अपने गाँव पहुंचे वैसे ही सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया।

सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा ने उपस्थित तमाम जनता व कार्यकर्ताओं आश्वशत कराया कि अब यदि पुलिस प्रशासन निर्दोष व्यक्ति को परेशान करता है तो हमसे शिकायत जनता कर सकती हैं और अमन चौन का माहौल बनाए रखना मेरा पहली प्राथमि. कता होगी । सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा जी ने कहा कि सांसद महोदया अन्नपूर्णा जी ने जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उस विश्वास को टूटने नही देंगे और एक निष्ठाभवा से काम करूंगा पूरे गिरीडीह जिले का सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर सांसद महोदया को कोटि कोटि आभार ब्यक्त करता हूं। इस समारोह में मुख्य रूप से प्रकाश साव , रामेश्वर यादव , श्याम सुंदर साव , सुनील यादव ,संजय राणा , प्रकाश राणा , महेंद्र राणा , सुरेंद्र साव , महेंद्र मोदी , मन्नू यादव , दिनेश सिंह , टिपन साव , राजू साव , सहदेव साव , उमेश साव , बिनोद पांडेय , पिंटू यादव , उमेश रजक, सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिना बिजली के कूलर पंखा बेकार पारा 43 डिग्री के पार

### दोपहर में सड़के हो जाती है सन्नाटा

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



जिला समेत बिरनी में भीषण गर्मी चरम पर है। इस दौरान बिजली की धुआंधार कटौती सुख-चौन छीन रही है। रविवार सुबह से चुभनवाली धूप लोगों को परेशान करती रही। हालत यह है कि जहां लोग गर्मी से परेशान हैं, वहीं बिजली कटौती के कारण लोगों का हाल बेहाल रहा। शनिवार रात से कई गांवों में पूर्ण पावर कट रहा। बिरनी फीडर नंबर एक में बिजली रात में जो गुल हुई है और इसके बाद आधे घंटा दर्शन देकर फिर चली गई। यही हालत पूरे रात पर रही। अन्य फीडर नंबर एक में भी बिजली के झटके लोगों को दिन-रात मिलते रहे।

चिलचिलाती गर्मी ने किया हलकानरूसुबह से तेज धूप रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती रही, हालांकि रविवार होने के कारण मुस्लिम इलाकों में दुकानें बंद रही। जिसके चलते लोग अपने घरों में रहे, लेकिन सूरज की तेज तपन लोगों को घरों में परेशान करती रही। इस बीच बिजली की आंख मिचौनी भी लोग बेहाल रहे। वहीं रात को बिजली नहीं रहने और गर्मी के कारण रतजगा करनी पड़ जाती है।

APPEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## अम्बेडकर नवयुवक संघ ने चलाया जागरूकता अभियान, किया लोगों को जागरूक

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत सेरुआ पंचायत में रविवार को अम्बेडकर नवयुवक क्लब के द्वारा सामाज को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने ड० भीम. राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किये। वक्ताओं के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी सश. क्तिकरण, बालश्रम उन्मूलन, दहेज प्रथा उन्मूलन, अंधविश्वास, पाखंड, आडम्बर यदि से मुक्ति,नशा मुक्ति तथा समाज मे ब्यप्त तमाम कुर्तियों को दूर करने का आहवान किया गया जिसमे मुख्य रूप से भीम आर्मी भारत एकता मंच के सदस्य गण मौजूद थे। उज्जवल कुमार रावण ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का बदलाव हो सकता है जिसके तहत बाबा साहेब का विचारों का आगे तक बढ़ाया जा सकता है। मोहन रविदास ने समाज मे व्याप्त कुर्तियों को दूर करने पर जोर दिया । भीम रविदास ने हर जन शिक्षा, घर घर शिक्षा तथा नशा मुक्ति एवं दहेज प्रथा उन्मूलन पर जोर दिए। उमेश कुमार दास ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी की दूध है जो पियेगा वह गरजेगा। मौके पर उमेश कुमार दास, शक्ति रविदास, बाबूलाल दस, बसदेव दास, सुरेश रविदास, ब्रहमदेव दास, कमलेश दास, टिंकू दास, मुकेश गौतम, संजय दास, उज्जवल रावण, पिंटू दास, रोहन रावण, राहुल कुमार, ज्योतिष, राजा जी, मोहन दास, सुभाष दास, कलवा देवी, यशोदा देवी, अनिता देवी, कुंती देवी, रूबी देवी, मंजू देवी, देवकी देवी, धने. सवरी देवी, आरती देवी, पार्वती देवी, रीता देवी, रेखा देवी, मुनिया देवी, सोनी देवी, दिनवा देवी आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

## आगामी 9 अगस्त से 75 किलोमीटर पद यात्रा का होगा आयोजन

### भारत के विकास की चिंता करने वाला एक मात्र पाट्र्ही है कांग्रेस – बादल पत्रलेख

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी श्री अविनाश पांडे के निर्देशानुसार सभी जिलों में नव संकल्प कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसके तहत आज कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा झुमरीतिलैया स्थित बेलाटांड दुर्गा मंडप परिसर पर जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू की अध्यक्षता में कोड. रमा जिला स्तरीय नव संकल्प कार्यशाला आयोजित हुई।कार्यशाला में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री श्री बादल पत्रलेख उप. स्थित हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि बरही के लोकप्रिय विधायक उमाशंकर यादव अकेला उपस्थित रहे। कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष में स्वतंत्रता आंदोलन की भावना और बलिदान का प्रचार और प्रसार करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 9 अगस्त से 75 किलोमीटर पद यात्रा किया जाना है जिसमें सभी कांग्रेस जन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे जिसमें मैं खुद उपस्थित भी रहूंगा, तथा आगामी 15 अगस्त 2022 को भारत की स्वतंत्रता के 75 वीं वर्षगांठ पर जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्रभातफेरी एवं झंडा मार्च तथा झंडोत्तोलन किया जाएगा। कोडरमा की जनता से मुझे विशेष लगाव रहा है और यहां के सुख दुख में मैं हमेशा उपस्थित रहने का प्रयास करता हूं। बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला जी ने बताया कि जिला प्रखंड मंडल बूथ एवं वार्ड स्तर पर संगठनात्मक समितियों का गठन किया जाना है तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सभी मंडल,प्रखंड, एवं जिला कमेटियों का नियमित मासिक बैठक होना है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आंदोलनात्मक कार्यक्रमों में सभी कांग्रेसजन अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। नव संकल्प जिला स्तरीय कार्यशाला की सफलता एवं आगामी पदयात्रा एवं कांग्रेस के कार्यक्रमों की सफलता पर अपने विचार रखने हेतु मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद,पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, प्रदेश प्रति. निधि तुलसी मोदी, प्रभारी बासुदेव वर्मा,अनवारूल हक, गणेश स्वर्णकार, राम लखन पासवान, संजय कुमार शर्मा, नवनीत ओझा बंटी, प्रभात कुमार राम, महिला अध्यक्ष बेबी सिन्हा, केसरी देवी, राजू सिंह, फहीम खान, प्रमोद वर्णवाल, अरुण यादव, उमेश यादव, संजय सेठ, फैयाज कैसर, चांद आलम, रवि शंकर यादव ,अरविंद सेठ, केदार राणा, यासीन अंसारी, धीरज कुमार, अर्जुन सिंह, अरविंद कुमार, लक्ष्मण विश्वकर्मा, मिसबाहुद्दीन, पप्पू सिंह, अनिल यादव, भागीरथ पासवान, अरुण चौधरी जितेंद्र कुमार, मो सला. उद्दीन, महताब आलम, जहीरुद्दीन, भोला राम, बिट्टू रवानी, भोला दास संजय कुमार डब्लू तरसेम शर्मा छवि विश्वास सहित जिला एवं सभी प्रखंड के कांग्रेस जन उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष आशीष पांडेय ने किया।







